भारत के साथ इजराइल का सहयोग

4120. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठ मलानी :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारत में विभिन्न विकास संबंधी कार्यक्रमों में इजरायल की संभावित महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में कोई मूल्यांकन किया है ;

(ख) यदि हां, तो भारत किन-किन क्षेत्रों में इजरायल से सहायता प्राप्त करने की अपेक्षा कर सकता है ;

(ग) क्या सरकार ने इजरायल के प्रतिनिधियों से कोई संपर्क स्थापित किया है; और

(घ) यदि हां, तो यह सम्पर्क कब स्थापित किया गया था और इस संबंध में इजरायल की प्रतिक्रिया क्या रही ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रघुनंदन लाल भाटिया) : (क) और (ख) जी हां ।

अब तक तय किए गए क्षेत्र हैं--कृषि और सिचाई विशेषत: शुष्क भूमि खेती और जल संसाधन प्रबन्ध तथा सौर ऊर्जा समेत विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी ।

(ग) कई शिष्टमंडलों ने दौरे किए और उपरोक्त क्षेत्रों तथा पर्यटन नागर विमानन संस्कृति, व्यापार और दोहरे कराधान का परिहार जैसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग के लिए सरकारी स्तर पर विचार-विमर्श चल रहा है ।

(घ) भारत और इजराइल के बीच 29.1.1992 से राजनयिक सम्बन्धों की स्थापना करके इजराइल के साथ सरकारी सम्पर्क आरंभ हुए । इजराइल से हमें उपरोक्त क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग विकसित करने के सम्बन्ध में सकारात्मक जवाब मिला हैं ।

7th SAARC Summit in Bangladesh

4121. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA:
SHRI DIGVIJAY SINGH:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that some people belonging to a Sangathan in Bangladesh had threatened India that they will not allow the Prime Minister of India in Bangladesh to attend the 7th SAARC Summit;

(b) if so, the reaction of Government;

(c) whether Government have asked about the reaction of Bangladesh Government on this news/statement of the Sangathan;

(d) if so, the details of the reaction of Bangladesh Government on the matter; and

(e) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DINESH SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) We have conveyed our concern to the Government of Bangladesh both in New Delhi and Dhaka and urged them to ensure that both the political and security dimensions be suitably taken care of by them in the run up to the SAARC Summit.

(c) and (d) Yes, Sir. The Government of Bangladesh have assured us that all necessary measures would be taken to ensure adequate security and a congenial atmosphere for the successful holding of the SAARC Summit in Dhaka.

(e) Does not arise.